भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 883
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन हितधारकों को प्रशिक्षण

883. श्री रोड़मल नागरः
श्री धर्मवीर सिंहः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटक क्षेत्रों के निकट रहने वाले समुदायों को पर्यटन के प्रति जागरुक करने तथा पर्यटन संबंधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण देने और कौशल उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार की क्या योजना है;

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश में कार्यरत ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) गाइडों, पर्यटन पुलिस, टैक्सी चालकों आदि जैसे हितधारकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है; और

(घ) हरियाणा में पर्यटन स्थलों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क), (ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7 प्रतिष्ठित स्थलों यथा आगरा में ताज महल, दिल्ली में हुमायूँ का मकबरा, लाल किला, कुतुब मीनार, बिहार में महाबोधि मंदिर, गोवा में कोल्वा बीच और असम में काजीरंगा में इन पर्यटन स्थलों और गंतव्यों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित, उन्नत और जागरूक बनाने के लिए गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया है।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 में जारी रहा और 150 से अधिक नए गंतव्यों को इसमें जोड़ा गया। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण इस कार्यक्रम को 44 गंतव्यों पर संचालित किया गया।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी रहा था और 48 गंतव्यों पर संचालित किया गया। कुल 9798 व्यक्तियों को इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें गाइड, पर्यटक पुलिस, टैक्सी चालक आदि जैसे हितधारक शामिल हैं।

गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विभिन्न पर्यटन सेवा प्रदाताओं, हितधारकों को शामिल किया गया।

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश राज्य में गंतव्य आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत जारी निधि और प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या का विवरण अनुबंध-**I** में दिया गया है।

(घ) : नए पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से सम्बन्धित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिसमें हरियाणा सरकार शामिल है। हरियाणा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध सूचना के अनुसार हरियाणा पर्यटन ने राज्य में 42 पर्यटक परिसर स्थापित किए हैं। इन पर्यटक परिसरों की सूची अनुबंध-**II** में दी गई है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत शामिल किए गए पर्यटक स्थलों का विवरण अनुबंध-**III** पर दिया गया है।

*******

अनुबंध-**I**

पर्यटन हितधारकों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 883 के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में विवरण

पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश राज्य में गंतव्य आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत जारी निधि और प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या का विवरण।

| | मध्य प्रदेश | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | जारी निधि **(**राशि लाख रु. में**)** | प्रशिक्षित/प्रमाणित व्यक्तियों की संख्या |
| 1 | 2019-20 | 550.09 | 6080 |
| 2 | 2020-21 | 160.28 | 544 |
| 3 | 2021-22 | 184.32 | 1980 |
| | कुल | **894.69** | **8604** |

टिप्पणी: गंतव्य आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किए गए स्थान भीमबेटका, ग्वालियर का किला, ओरछा, पन्ना, भेडाघाट, सतना, छत्तरपुर, भोजपुर आदि है।

*******

अनुबंध-II

पर्यटन हितधारकों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 883 के भाग (घ) के उत्तर में विवरण

हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड के 42 पर्यटक परिसरों की सूची

| क्र.सं . | ज़िला | पर्यटक परिसर का नाम |
|---|---|---|
| 1. | अंबाला | किंगफिशर, अम्बाला |
| 2. | भिवानी | बया, भिवानी |
| 3. | फरीदाबाद | अरावली गोल्फ कोर्स, फरीदाबाद |
| | | बड़खल झील, फरीदाबाद |
| | | हर्मिटेज हट्स, सूरजकुंड |
| | | राजा नाहर सिंह पैलेस, बल्लभगढ़ |
| | | होटल राज हंस, सूरजकुंड |
| | | मैगपाई, फरीदाबाद |
| | | सनबर्ड, सूरजकुंड |
| | | लेक व्यू, सूरजकुंड |
| | | डिजाइन गैलरी, सूरजकुंड |
| 4. | फतेहाबाद | पपीहा, फतेहाबाद |
| 5. | गुडगाँव | शमा, गुडगांव |
| | | सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य |
| | | सरस, दमदमा |
| | | बारबेट सोहना |
| 6. | हिसार | ब्लू बर्ड, हिसार |
| | | फ्लेमिंगो, हिसार |
| 7. | झज्जर | गौरैया, बहादुरगढ़ |
| 8. | जींद | बुलबुल, जींद |
| 9. | कैथल | कोयल, कैथल |
| 10. | करनाल | ओएसिस, करनाल |
| | | कर्ण झील, करनाल |
| 11. | कुरुक्षेत्र | पैराकीट, पिपली |
| | | नीलकंठी, कुरुक्षेत्र |
| | | अंजन, पिहोवा |
| 12. | पलवल | डाबचिक होडल |
| 13. | पंचकुला | रेड बिशप, पंचकुला |
| | | माउंटेन क्वेल मोरनी हिल्स |
| | | टिक्कर ताल, मोरनी |
| | | यादवेंद्र गार्डन, पिंजौर |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | पानीपत | स्काईलार्क, पानीपत |
| | | ब्लू जे, समालखा |
| 15. | रेवाड़ी | जंगल बैबलर, धारूहेड़ा |
| | | सैंडपाइपर, रेवाड़ी |
| 16. | रोहतक | मैना, रोहतक |
| | | तिलयार, रोहतक |
| 17. | सिरसा | शिकरा, असखेरा |
| | | सुरखाब, सिरसा |
| 18. | सोनीपत | एथनिक इंडिया, राय |
| 19. | यमुनानगर | ग्रे पेलिकन, यमुनानगर |
| | | गरूड़, आदिबद्री |

******

अनुबंध-**III**

पर्यटन हितधारकों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में दिनांक 12.12.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 883 के भाग (घ) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत शामिल हरियाणा में पर्यटन स्थलों का विवरण (जिलावार)

| क्र.सं | वर्ष | योजना का नाम | पर्यटन स्थल का नाम/जिला | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) | परियोजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2012-13 | केंद्रीय एजेंसी को सहायता | रोहतक | 500.00 | तिलयार झील पर मल्टीमीडिया /लेजर शो का कार्यान्वयन |
| 2 | 2014-15 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | सूरजकुंड | 30.00 | सूरजकुंड शिल्प मेला |
| 3 | 2015-16 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | सूरजकुंड | 30.00 | सूरजकुंड शिल्प मेला |
| | | | पिंजौर | 34.50 | वार्षिक कपाल मोचन मेला, गीता जयंती उत्सव और पिंजौर विरासत महोत्सव |
| 4 | 2016-17 | स्वदेश दर्शन | कुरुक्षेत्र | 7091.00 | कृष्ण परिपथ- कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थलों पर पर्यटन अवसंरचनाओं का विकास |
| 5 | 2016-17 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | सूरजकुंड | 30.00 | फरीदाबाद में सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला |
| 6 | 2017-18 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | पिंजौर और सूरजकुंड | 55.00 | पिंजौर महोत्सव और सूरजकुंड मेला |
| 7 | 2017-18 | केंद्रीय एजेंसी को सहायता | पिंजौर | 600.00 | यादवेंद्र गार्डन, पिंजौर, हरियाणा में ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम |
| 8 | 2018-19 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | सूरजकुंड | 30.00 | सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला |
| 9 | 2019-20 | प्रसाद | पंचकुला | 4952.00 | पंचकुला में नाडा साहब गुरुद्वारा और माता मनसा देवी मंदिर का विकास |
| 10 | 2019-20 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | आम मेला | 25.00 | आम मेला |
| | | | विरासत उत्सव | 25.00 | विरासत उत्सव |
| 11 | 2021-22 | मेले और त्यौहार (डीपीपीएच) | सूरजकुंड | 30.00 | अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला |

*******